1

कार्यालय–केन्द्रीय नजारत, जनपद न्यायालय, कानपुर नगर।

ठेकों की नीलामी की सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय, कानपुर नगर परिसर, बहुखण्डीय भवन तथा जनपद न्यायालय, कानपुर देहात परिसर (नगर निगम पार्क) में स्थापित विभिन्न ठेकों की नीलामी की कार्यवाही वित्तीय वर्ष 2015–16 में (दिनांक 01.04.2015 से 31.03.2016) तक की अवधि के लिये दिनांक 26.03.2015 दिन बृहस्पतिवार को सांय 4:00 बजे कार्यालय केन्द्रीय नजारत के निकट बरामदे में सम्पादित की जायेगी, जो इच्छुक व्यक्ति सन्दर्भित ठेकों की बोली लगाकर नीलामी में भाग लेना चाहते हों वे एक प्रार्थना पत्र के साथ अपना हैसियत प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, वोटर आई0डी0 व पैन कार्ड की छायाप्रति संलग्न करते हुये केन्द्रीय नजारत में जमानत की धनराशि मुबलिग रूपया 10,000/–कैशियर के पास नियत तिथि तक जमा करें, उक्त धनराशि नीलामी समाप्त होने के बाद वापस की जायेगी।

सन्दर्भित नीलामी समाप्त होने पर अधिकतम बोली बोलने वाले व्यक्ति को समस्त धनराशि उसी समय केन्द्रीय नजारत में जमा करनी होगी अन्यथा उस व्यक्ति की बोली को निरस्त कर दिया जायेगा। सन्दर्भित बोली बोलने वाले व्यक्ति को ठेके के बावत निर्धारित स्टाम्प पर अनुबन्ध पत्र दो दिन के अन्दर निस्पादित करना होगा।

यह भी स्पश्ट किया जाता है कि–

1–बोली बोलने वाला व्यक्ति बकायादार एंव काली सूची के अन्तर्गत न आता हो।

2–बोली बोलने वाले व्यक्ति के विरूद्व कोई आपराधिक मामला पंजीकृत न हुआ हो ओर न ही विचाराधीन हो, इस तथ्य का शपथपत्र बोली बोलने वाले व्यक्ति को बोली बोलने से पूर्व प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

3–बोली स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार माननीय जनपद न्यायाधीश, कानपुर नगर के पास सुरक्षित रहेगा।

जनपद न्यायालय, कानपुर नगर के अन्तर्गत व बहुखण्डीय भवन में स्थापित ठेकों का विवरण–

1–ठेका सायकिल स्टैण्ड (गवाह घर के पास)
2–ठेका बहुखण्डीय भवन के भूतल पर स्थित चाय नमकीन का स्टाल।
3–ठेका बहुखण्डीय भवन के द्वितीय तल पर स्थित चाय नमकीन का स्टाल।
4–ठेका बहुखण्डीय भवन के तृतीय तल पर स्थित चाय नमकीन का स्टाल।
5–ठेका फोटोकापी मशीन चलाने हेतु न्यायालय परिसर पुरानी बिल्डिंग।
6–ठेका फोटोकापी मशीन चलाने हेतु न्यायालय परिसर पुरानी बिल्डिंग। (मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट न्यायालय के पास)
7–ठेका चाय नमकीन न्यायालय परिसर पुरानी बिल्डिंग (मुस्लिम होटल के सामने)
8–ठेका मुस्लिम होटल न्यायालय परिसर पुरानी बिल्डिंग।
9–ठेका चाट का ठेला न्यायालय परिसर पुरानी बिल्डिंग।
10–ठेका लाई चना का ठेला न्यायालय परिसर पुरानी बिल्डिंग।
11–ठेका अंकुरित चना बहुखण्डीय भवन के द्वितीय तल पर।
12–ठेका फोटो कैमरा बहुखण्डीय भवन के भूतल पर।

जनपद न्यायालय, कानपुर देहात परिसर (नगर निगम पार्क) में स्थापित ठेकों का विवरण–

1–ठेका शॉप नं0–1 फोटोकापी मशीन
2–ठेका शॉप नं0–2 स्टेशनरी
3–ठेका शॉप नं0–3 स्टेशनरी
4–ठेका शॉप नं0–4 फोटोकापी मशीन
5–ठेका शॉप नं0–5 जलपान (न्यायालय परिसर के बाहर की ओर)
6–ठेका शॉप नं0–6 जलपान कैन्टीन (न्यायालय परिसर के अन्दर की ओर)

(एस0के0 सिंह)
प्रभारी अधिकारी, नजारत,
जनपद न्यायालय, कानपुर नगर।

ठेकों की नीलामी की सार्वजनिक सूचना की एक–एक प्रति समस्त सार्वजनिक स्थानों के अतिरिक्त जनपद न्यायालय, कानपुर नगर, बार एसोसिएशन, लायर्स एसोसिएशन, कार्यालय जिलाधिकारी के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जावे एंव एक प्रति कार्यालय जिला सूचना अधिकारी को निःशुल्क प्रसार प्रचार कराने हेतु प्रेषित किया जावे। तथा केन्द्रीय नाजिर को निर्देशित किया जाता है कि नीलामी सूचना की एक प्रति दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु प्रेषित की जाये।

उक्त नीलमी के सूचना माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की वेबसाइट "WWW.allahabadhighcourt.in" व जनपद न्यायालय, कानपुर नगर की वेबसाइट "WWW.dcknr@allahabadhighcourt.in" पर भी उपलब्ध कराई जाये।

(एस0के0 सिंह),
प्रभारी अधिकारी, नजारत,
जनपद न्यायालय, कानपुर नगर।